# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 04 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

12 अक्टूबर 2025 रविवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक ३२ | ● पृष्ठ ०४ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


# चारवाड़ा में टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी का भव्य स्वागत

## सांसद राजकुमार रोत पर साधा निशाना







सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ संवाददाता प्रविण सिंह राव/ डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा उपखंड के चारवाड़ा गांव में आज ग्रामीणों की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक पटेल, रानोली बंसीलाल कटारा, विधानसभा प्रत्याशी, सरपंच एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीणों ने मंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। अपने संबोधन में मंत्री खराड़ी ने कहा कि “सरकार क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।” वहीं उन्होंने सांसद राजकुमार रोत पर तीखा प्रहार करते हुए कहा “पांच वर्षों में सांसद राजकुमार रोत ने तीन करोड़ रुपए का आलीशान मकान बना लिया है, जबकि मैं चार बार विधायक और मंत्री रहा हूं, फिर भी आज केलूपोस में कच्चे मकान में रहता हूं। आखिर इतनी तरक्की कहां से हुई?” मंत्री ने कहा कि आदिवासियों के हक और अधिकार की बात करने वाले सांसद रोत खुद का विकास कर रहे हैं और आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं। समारोह में भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने मंत्री की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।




## सागवाड़ा में गौमाताओं पर लंपी वायरस का कहर, गौ रक्षक दल दिन-रात कर रहे सेवा

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ संवाददाता प्रविण सिंह राव/ डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा उपखंड में इन दिनों लंपी वायरस ने गौमाताओं को अपनी चपेट में ले लिया है। संक्रमण के बढ़ते मामलों से गौमाताओं की स्थिति दयनीय हो चुकी है। स्थानीय गौरक्षक दल के सदस्य — हितेश राज भोई, लोकेन्द्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता — गौमाताओं को बचाने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। संक्रमित गौमाताओं को संमती गौशाला सागवाड़ा में लाकर उपचार दिया जा रहा है। यहां उनके लिए विशेष आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है, जहां बीमार गौमाताओं की निगरानी और देखभाल लगातार की जा रही है। गौ रक्षक दल के सदस्यों ने बताया कि जैसे ही किसी क्षेत्र में लंपी वायरस से ग्रसित गौमाता दिखाई देती है, उसे तुरंत उपचार के लिए सामंती गौशाला लाया जाता है। गौशाला में पशु चिकित्सकों की टीम और स्वयंसेवक मिलकर निरंतर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि वे भी गौमाताओं की देखभाल और वायरस नियंत्रण में सहयोग करें, ताकि इस खतरनाक बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। गौरव रक्षक दल की अपील: संक्रमित गौमाता को खुला न छोड़ें, तुरंत सूचना दें ताकि समय पर उपचार किया जा सके।



## मंत्री की फटकार के बाद सागवाड़ा में 95% कार्य हुआ पूरा आर यू आईडीपी ने स्विकार की अपनी जिम्मेदारी

### 95% कार्य पुरा होने का दावा



ब्युरो रिपोर्ट/ सागवाड़ा लाईव न्यूज़

डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा नगर पालिका अंतर्गत आर यू आई डी पी द्वारा शहर में सीवरेज कार्य को लेकर पिछले दिनों स्वायत्त शासन मंत्री जाबर सिंह खर्रा के दौरे के दौरान नगर वासियों ने आक्रोश प्रकट करते हुए धीमी गति से कार्य होने की वजह से शहर में परेशानी का हवाला देते हुए अवगत करवाया गया था जिसको लेकर मंत्री ने स्थानीय प्रशासन को इस मुद्दे पर जांच पड़ताल कर शीघ्र निस्तारण करने की बात कही थी जिस पर आर यू आईडीपी द्वारा संज्ञान लेते हुए कार्य में तेजी लाते हुए लगभग 95% कार्य को पूरा होने का दावा किया गया है शहर में आर यू आईडीपी द्वारा सीवरेज का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और शहर की सड़क डामरीकरण होना शुरू हो चुकी है जो लगभग पूरी हो चुकी है आरयूआईटीपी के प्रतिनिधि अनीश मिश्रा ने शनिवार सुबह 10:00 जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली से पहले सागवाड़ा शहर को पुनः सड़कों द्वारा सुसज्जित कर दिया जाएगा उन्होंने कहां की सागवाड़ा शहर की सकरी गलियां और यातायात की वजह से उनके कार्य में देरी हुई थी जिसके लिए वे सागवाड़ा शहर वासियों से खेद प्रकट करते हैं लेकिन अब उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी क्योंकि लगभग 95% कार्य पूरा हो चुका है उन्होंने सागवाड़ा वासियो को दीपावली के त्योहार पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित की है

## पुलिस की दो बड़ी कार्यवाहि, अवैध शराब तस्करी पर लगा अंकुश



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार (IPS) के निर्देशानुसार जिलेभर में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान “ऑपरेशन स्वच्छता” के तहत बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाइयां करते हुए लाखों रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त कर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई — संतरे के कैरेट में छिपाई शराब, दो अजमेर निवासी गिरफ्तार दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को सुबह 11:27 बजे, थाना अधिकारी कैलाशचंद्र सोनी मय जाप्ता रतनपुर चौकी पर नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उदयपुर से अहमदाबाद की ओर जा रही महिन्द्रा पिकअप  में संतरे के कैरेट की आड़ में शराब तस्करी की जा रही है। नाकाबंदी के दौरान वाहन को रोका गया और तलाशी लेने पर कैरेटों के नीचे से कुल 63 कर्टन अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद हुई। जिसकी अनुमानित बाजार कीमत: करीब ₹3.50 लाख बताई जा रही है। इस कार्रवाई में पुलिस ने ललित सिंह पुत्र नारायण सिंह रावत, निवासी बिन कलालिया, थाना टाडगढ़, जिला अजमेर और धर्मेंद्र सिंह पुत्र कान सिंह रावत, निवासी सरवान, थाना टाडगढ़, जिला अजमेर को गिरफ्तार किया है। इसी तरह दूसरी कार्रवाई में प्लास्टिक कैरेटों की आड़ में 240 कर्टन शराब के साथ सिरोही निवासी एक तस्कर को पकड़ा गया है उसी दिन रात्रि 10:40 बजे, चौकी प्रभारी हेडकॉन्स्टेबल गोविंद सिंह मय टीम रतनपुर चौकी के सामने एनएच-48 पर नाकाबंदी कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि आईसर ट्रक में प्लास्टिक कैरेटों की आड़ में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब भरी है। नाकाबंदी में ट्रक को रोककर तलाशी ली गई तो अंदर से कुल 240 कर्टन अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत: ₹15 लाख बताई जा रही है। वाहन कीमत: ₹20 लाख और कुल जब्त माल: लगभग ₹35 लाख का बताया जा रहा है। इस कार्यवाही में काना राम पुत्र केसाराम देवासी, निवासी मनादर देवनगर, थाना बरलुट, जिला सिरोही को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह राठौड़ एवं राहुल शर्मा (आबकारी कार्यालय डूंगरपुर) का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन दोनों कार्रवाइयों के साथ यह रतनपुर बॉर्डर पर लगातार तीसरी बड़ी सफलता है, जो “ऑपरेशन स्वच्छता” अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग और त्वरित पुलिस कार्रवाई को दर्शाती है।

## रेसला ब्लॉक सीमलवाड़ा की कार्यकारिणी का गठन, थावरचंद रोत बने अध्यक्ष



सागवाड़ा लाईव न्यूज़ गुणवंत कलाल/ सीमलवाड़ा। रेसला ब्लॉक सीमलवाड़ा की सत्र 2025-26 की ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव बड़े ही उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक डॉ. सुनील पंड्या एवं चुनाव अधिकारी सत्यपाल सिंह चौहान की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र लबाना ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल डामोर उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से थावरचंद रोत को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही राजेंद्र सिंह झाला को ब्लॉक महामंत्री, विनय पंड्या को कोषाध्यक्ष, दिलीप कुमार डामोर को उपाध्यक्ष, जितेंद्र सिंह चौहान को संगठन मंत्री तथा हितेश कुमार लबाना को ब्लॉक प्रवक्ता के रूप में मनोनीत किया गया। नवनियुक्त ब्लॉक महामंत्री राजेंद्र सिंह झाला ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं, ब्लॉक अध्यक्ष थावरचंद रोत ने रेसला ब्लॉक के साथियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और सामूहिक प्रयासों से संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया। चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे जिनमें शांतिलाल कटारा, अशोक दर्जी, नानूराम डामोर, मोहम्मद अयूब शेख, राजकुमार बेरवा, रामस्वरूप मीणा सहित अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से किया गया और अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






## बालिकाओं ने दिखाई प्रतिभा, अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं




महिला अधिकारी का विभाग द्वारा शनिवार को राजकीय देवेंद्र बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा, अध्यक्षता प्रधानाचार्य शिल्पा मीणा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रफुल्लबाला (गायनिक विभाग), ब्लॉक सुपरवाइजर सुचिता कलाल बाल अधिकारिता विभाग चाइल्ड हेल्पलाइन मेहुल शर्मा जेण्डर स्पेशलिस्ट रकिरा वेष्णव ,एएसआई मंजू चौधरी, उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत निबंध, रंगोली, पोस्टर, रस्साकशी एवं म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिताए आयोजित की गई। विजेता छात्राओ योगिता भोई, प्रतिज्ञा चुण्डावत, खुशी, जीनत, जैनन, रुचिका, सदफ, आलिया, सुहानी, हनी, पायल, मिस्बा, प्रिया रितिका को पारितोषिक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लता पंड्या ने किया, व आभार प्रदर्शन उप प्रधानाचार्य श्रीमती प्रेमलता व्यास ने किया।

## बिछीवाड़ा में ग्रामीण शिविर सेवा का आयोजन



पंचायत समिति बिछीवाड़ा के ग्राम पंचायत कनबा व नवलश्याम में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया । ग्राम पंचायत कनबा में करीब 25 वर्षों के पुराने दो बंटवारे के प्रकरण का हाथों हाथ निस्तारित किया गया, साथ ही शुद्धि के 22 प्रकरण व नामांतरण के 6 प्रकरणों का व मंगला बीमा योजना के चार प्रकरण व चार महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया इसमें नायब तहसीलदार अनिल पांडिया, अतिरिक्त विकास अधिकारी अजय जोशी, गिरदावर विशाल कलाल, पटवारी हरिश, सरपंच लक्ष्मी पदमात व पूर्व सरपंच बीरबल पदमात उपस्थित रहे । सामाजिक न्याय विभाग द्वारा एक दाई साइकिल का आवेदन तैयार किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत नवल श्याम में वर्षों पुराने तीन बटवारों का नामांतरण के 10 प्रकरणों का निस्तारण किया गया साथ ही पुष्पा पत्नी सतीश व लीला पत्नी अमृत की गोद भराई का कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर मधुकांता परमार व उनकी टीम के द्वारा कराई गई। इस अवसर पर तहसीलदार बिछीवाड़ा माधव लाल चरपोटा व नायब तहसीलदार कांतिलाल डामोर गिरदावर मुकेश भगोरा व पटवारी लक्ष्मण सिंह व सरपंच गौरीशंकर बरांडा अतिरिक्त विकास अधिकारी लाल शंकर पटेल उपस्थित रहे।







खबर, बिज्ञापन के लिए संपर्क करे

सागवाड़ा लाईव न्यूज़ - 8209335497


13 अक्टूबर 2025 को रात्रि 8:00 बजे महिपाल खेल मैदान में दीपावली महोत्सव को लेकर नगर पालिका सागवाड़ा द्वारा विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है

# कुआं के आदित्य सिंह राठौड़ का एनडीए में चयन

## ऑल इंडिया रैंक 21 के साथ वायुसेना में बने अधिकारी



सागवाड़ा लाईव न्यूज़

डूंगरपुर जिले के कुआं निवासी आदित्य सिंह राठौड़ ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) नई दिल्ली द्वारा घोषित एनडीए (I) 2025 के अंतिम परिणाम में आदित्य ने ऑल इंडिया रैंक 21 प्राप्त करते हुए भारतीय वायुसेना में अधिकारी पद के लिए चयनित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आदित्य ने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट पॉल्स स्कूल, ठिकरिया (बांसवाड़ा) से पूरी की। उन्होंने वर्ष 2025 में बारहवीं कक्षा गणित विषय के साथ 93.2% अंकों से उत्तीर्ण की। वायुसेना में जाने का सपना संजोए आदित्य ने बारहवीं की पढ़ाई के साथ ही एनडीए 2025 की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की। लिखित परीक्षा में सफलता के बाद उन्होंने एएफएसबी गांधीनगर से शारीरिक दक्षता एवं व्यक्तित्व परीक्षण (SSB) पास किया, इसके बाद मैसूर में कंप्यूटराइज्ड पायलट सिलेक्शन सिस्टम (CPSS) टेस्ट उत्तीर्ण किया। अंततः बेंगलुरु और दिल्ली में चिकित्सा परीक्षण (Medical Test) में भी फिट पाए गए। आदित्य ने एनडीए की लिखित परीक्षा की तैयारी घर पर ही की, जबकि SSB की तैयारी ऑलिव ग्रीन संस्थान, मणिमाजरा (चंडीगढ़) से की। खेलों में भी आदित्य का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। वे लॉन टेनिस के नेशनल लेवल प्लेयर हैं और वर्ष 2024-25 में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा रांची (झारखंड) में आयोजित 68वें स्कूल खेलों में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आदित्य के पिता डॉ. कृष्णबलदेव सिंह राठौड़, राजकीय महाविद्यालय सागवाड़ा में सहायक प्राध्यापक (Assistant Professor) हैं तथा माता डॉ. कीर्ति सोलंकी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागांव में प्रधानाचार्य हैं। एनडीए में चयन के बाद आदित्य जनवरी 2026 से पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA खड़गवासला) में तीन वर्ष का प्रशिक्षण लेंगे, जिसके बाद चौथे वर्ष वायुसेना अकादमी हैदराबाद में पायलट प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और तत्पश्चात कमीशन अधिकारी बनेंगे। आदित्य के इस गौरवपूर्ण चयन पर संपूर्ण सागवाड़ा क्षेत्र एवं डूंगरपुर जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है। आदित्य का कहना है: "मेरे लिए यह केवल करियर नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का अवसर है। मैं अपने माता-पिता और शिक्षकों का आभारी हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन किया।

# विकसित भारत अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने किया शुभारंभ

## युवा ही नए भारत के सृजनकर्ता - संयोजक अनिता कटारा






जयपुर /सागवाड़ा लाईव न्यूज़ | सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की सोच को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश मुख्यालय जयपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रदेशभर के सभी जिलों में प्रतियोगिता आयोजित होगी। आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार किया गया, जिसका संचालन अभियान संयोजक अनीता कटारा ने किया।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारे युवा अपनी सोच और सृजनशीलता से देश निर्माण में भागीदारी निभाएँ। कला के माध्यम से विचारों को व्यक्त करना राष्ट्रसेवा का एक सुंदर रूप है। वहीं संयोजक अनीता कटारा ने अपने संबोधन में कहा सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री जी की जनसेवा भावना का प्रतीक है। चित्रकला प्रतियोगिता जैसे आयोजन युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और सृजनशीलता दोनों को जागृत करते हैं।इस अवसर पर जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल, सह संयोजक प्रेम सिंह बनवास, निमिषा गौड, सारिका चौधरी, चन्द्रीप हाड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता और प्रतिभागी मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने विकसित भारत – आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विषय पर अपने विचारों को रंगों के माध्यम से सजीव किया।प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रतिभागियों की रचनाओं का अवलोकन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को सशक्त रूप से आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की कल्पनाशक्ति और सकारात्मक सोच ही हमारे देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करेगी। संयोजक अनीता कटारा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेशभर में ऐसी चित्रकला, निबंध और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि आम नागरिकों को भी विकसित भारत के संकल्प से जोड़ा जा सके।

# खिलाड़ीयो को किया सम्मानित



69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

**संवाददाता गुणवंत कलाल**

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ चौरासी(डूंगरपुर) ग्राम पंचायत नागरिया पंचेला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद राजकुमार रोत, अध्यक्षता विधायक अनिल कटारा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कटारा, भारत आदिवासी पार्टी राष्ट्रीय सदस्य पोपट खोखरिया, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद रोत, जिला परिषद सदस्य कमलेश अहारी, प्रदेश सदस्य भरत डेंडोर, बीसीसी प्रभारी कौशिक रोत, ब्लॉक संयोजक जयेश डामोर, सरपंच वीणा देवी, समाजसेवी धूलेश्वर रोत और एसीबीईओ बसंत लाल रोत उपस्थित रहे।

## सांसद राजकुमार रोत और विधायक अनिल कटारा रहे मुख्य अतिथि

**Indergarh-** कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन स्थानीय कार्यवाहक संस्था प्रधान राकेश कुमार बरंडा ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक कांतिलाल रोत ने खेलों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विजेता एवं उपविजेताओं की घोषणा की। सांसद राजकुमार रोत ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि "डबल इंजन की सरकार उद्योगपतियों के इशारों पर चल रही है। संसद में नीतियां उद्योगपति तय करते हैं और सदस्य उनके अनुमोदन के लिए मजबूर हैं।"उन्होंने शिक्षकों पर बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों को लेकर चिंता जताई और कहा कि शिक्षक संगठनों को इस बोझ के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में नामांकन के दौरान ऊंट पर बैठ कर नामांकन दाखिल करने जाने पर, नामांकन निरस्त करने की साजिश रची गई, पशु क्रूरता अधिनियम में मामला दर्ज किया गया लेकिन जीत मिली। वहीं विधायक अनिल कटारा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आगामी बजट में खेल सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कटारा ने कहा कि "मनरेगा ठप जैसी स्थिति बन चुकी है, और पुरानी पेंशन स्कीम लागू न करना शिक्षकों के साथ अन्याय है।" मुख्य द्वार और चारदीवारी का हुआ लोकार्पण - समापन समारोह के साथ ही विधायक मद से निर्मित विद्यालय की चारदीवारी एवं मुख्य द्वार का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर सांसद राजकुमार रोत, विधायक अनिल कटारा और सरपंच वीणा देवी रोत ने पट्टिका अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व सांसद एवं विधायक को ऊंट पर सवारी कर जुलूस के रूप में कोपा मोड़ से विद्यालय तक लाया गया, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों और नारों के साथ उनका स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम का संचालन हेमंत भट्ट ने किया तथा आभार एसीबीईओ बसंत लाल रोत ने व्यक्त किया।






## काले नागों का जोड़ा,मिलने दहशत

### स्नेक रेस्क्यू टीम ने किया सुरक्षित रेस्क्यू




ब्युरो रिपोर्ट

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ कोटा, 11 अक्टूबर: शहर के बूँदी रोड स्थित ज्ञान सरोवर कॉलोनी में स्थित एस.डी. मिशन स्प्रिंग डेल्स स्कूल में उस समय हड़कंप मच गया जब स्कूल परिसर में दो काले नागों का जोड़ा दिखाई दिया। यह घटना देवेन्द्र आचार्य के निवास स्थान के पास की बताई जा रही है। सांपों की सूचना मिलते ही आसपास के लोग सतर्क हो गए और स्कूल प्रशासन ने तत्काल नगर निगम की स्नेक रेस्क्यू टीम को जानकारी दी। रेस्क्यू टीम के आसिम हुसैन और गिरीश श्रृंगी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान स्कूल परिसर में दो काले नागों का जोड़ा देखा गया, जिनकी लंबाई लगभग 6 फीट के आसपास थी। दोनों विशेषज्ञों ने संयम और दक्षता के साथ सांपों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद दोनों सांपों को उनके प्राकृतिक आवासीय क्षेत्र में ले जाकर सुरक्षित रूप से रिलीज कर दिया गया। टीम ने यह भी बताया कि इस प्रकार की घटनाएं आमतौर पर बारिश के बाद अधिक देखने को मिलती हैं, जब सांप अपने बिलों से बाहर निकल आते हैं और शुष्क स्थानों की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं। स्थानीय निवासियों और स्कूल प्रशासन ने राहत की सांस ली और स्नेक रेस्क्यू टीम के कार्य की सराहना की। साथ ही, रेस्क्यू टीम ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी सांप दिखाई दे, तो खुद कोई कदम न उठाएं और तुरंत विशेषज्ञों को सूचना दें, ताकि जानवर को भी नुकसान न पहुंचे और लोगों की सुरक्षा भी बनी रहे।

# नायकों ने कलेक्टर को 7 दिन का अल्टीमेटम

## कहा, नहीं रोका क्या 123 करोड़ का टेंडर, तो 'मॉडर्न गांधी' बनकर महाभारत छेड़ देंगे





जिला कलेक्टर के कार्यालय में ज्ञापन सौंपते नायक

● सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ कोटा। शहर में बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में खुद को 'नायक' बताने वाले नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक समूह ने आज जिला कलेक्टर के कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में नगर निगम दक्षिण के 123 करोड़ रुपये के कथित विवादित टेंडर को रद्द करने और भ्रष्टाचार में नामजद अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ जांच चलाने की माँग की गई है। नायकों ने जिला कलेक्टर को 7 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि अगर उनकी माँगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो वे सार्वजनिक रूप से “मॉडर्न गांधी” बनकर सड़कों पर उतरेंगे और कोटा की धरती पर महाभारत की शुरुआत करेंगे। आंदोलन के प्रमुख शशांक नायक ने कहा, “कोटा हमारी धरती है — हम अपने परिवार की रक्षा करेंगे। अगर 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो हम एक-एक करके सभी भ्रष्टाचारियों की पोल खोलेंगे। ऐसा महाभारत होगा जो देखने लायक होगा।” 1. नगर निगम दक्षिण के 123 करोड़ के टेंडर की तत्काल समीक्षा व यदि अनियमितता पायी गयी तो टेंडर रद्द करना। 2. संबंधित अधिकारियों तथा ठेकेदारों के खिलाफ स्वतंत्र और पारदर्शी जांच। 3. टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए नागरिक मॉनिटरिंग कमेटी का गठन। 4. भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु सार्वजनिक शिकायत तंत्र सुदृढ़ करना। नायकों ने कहा कि उन्होंने ज्ञापन की प्रति स्थानीय मीडिया को भी प्रदान की है और सात दिनों के भीतर प्रशासन से ठोस जवाब की उम्मीद रखी है। यदि प्रशासन ने कदम नहीं उठाए तो नायकों ने शांतिपूर्ण परंतु दृढ़ नागरिक आंदोलन, सत्याग्रह व व्यापक प्रदर्शन की तैयारी का संकेत दिया सागवाड़ा लाईव न्यूज़/

## त्यौहारी सीजन को देखते मिलावटखोरो पर कड़ी नजर, खाद्य विभाग की टीमे अलर्ट मोड पर



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ संवाददाता कमलेश शर्मा/ बूंदी/ खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा डॉ.टी शुभमंगला के निर्देशन में आगामी त्योहार को देखते हुए जिला कलक्टर अक्षय गोदारा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0 पी0 सामर के नेतृत्व मे त्यौहारी सीजन को देखते हुए 4 अक्टूबर से निरन्तर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 6 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 2 नमूनें घी के, 2 नमूनें दूध के, 1 नमूना बर्फी का तथा 1 नमूना पनीर का एफएसएसए एक्ट 2006 के तहत नमूनें वास्ते जांच हेतु लिया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जाऐगी। साथ ही मैसर्स राधाकृष्णा डेयरी एवं बैकरी के यहां से कुल 130 किलो0 पुरानी मिठाइयों को जब्त कर नष्ट करवाया गया। जिसमें 70 किलो0 गुलाब जामुन, 30 किलो0 रसगुल्ले तथा 30 किलो0 मिल्क केक जब्त कर नष्टीकरण किया। साथ ही धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया। जिले के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिए गये कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ का विक्रय करने के आदेश दिए तथा अशुद्ध खाद्य पदार्थों का विक्रय नहीं करे। ताकि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके।











## दिलीप मालव ने रचा इतिहास पुलिस गेम्स में लगातार तीसरी बार जीता स्वर्ण पदक।




सागवाड़ा लाईव न्यूजझालावाड़ राजस्थान के अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी दिलीप कुमार मालव ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। श्रीनगर जम्मू-कश्मीर में 8 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 10वीं ऑल इंडिया पुलिस गेम्स जूडो क्लस्टर में सीआरपीएफ (केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल) की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिलीप मालव ने इस प्रतियोगिता में कराते खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः आंध्र प्रदेश पुलिस, ओडिशा पुलिस, असम राइफल्स (सेमीफाइनल) और आईटीबीपी (फाइनल) के खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि दिलीप मालव के अदम्य साहस, अनुशासन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। इससे पहले वे 2022 और 2024 में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस वर्ष की जीत के साथ वे देश के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लगातार तीन बार ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल किया है जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। टीम इवेंट में उनके साथियों अनिल शर्मा, महेंद्र यादव और अजय अजय थकचन ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सीआरपीएफ की यह विजेता टीम भारतीय पुलिस खेलों के इतिहास में एक नई स्वर्णिम इबारत लिख रही है। गौरतलब है कि दिलीप कुमार मालव ने इसी वर्ष जुलाई 2025 में अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में भी भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया था। दिलीप कुमार मालव की यह निरंतर सफल यात्रा न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे भारत के लिए और सीआरपीएफ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, अनुशासन और कठोर परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी यह प्रेरणादायी उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा-स्रोत बनी रहेगी।

## जिला स्तरीय रन फॉर वोट मैराथन दौड़ के दौरान दिखी अव्यवस्था, कवरेज कर रहे पत्रकार के साथ एसीईओ ने की बदसलूकी




सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ संवाददाता- बारां हरीश शर्मा /जिला स्तरीय मैराथन दौड़ के आयोजन में कई तरह की अव्यवस्था देखी गई।जिले के सभी ब्लॉकों से शामिल हुई 1200 छात्राओं को रन फॉर वोट मैराथन दौड़ की करीब 5 किलोमीटर की दौड़ में सुबह 6 बजे ही बालिकाओं को सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम अंता में बुलाया गया।इस दौड़ में छोटी छोटी बालिकाओं को भी शामिल किया गया।कई बालिकाएं भीषण गंभीर ओर धूप के कारण अचेत होकर जमीन पर गिर गई।जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जिला एसीईओ दादागिरी पर उतारू:- अंता में रन फॉर वोट मैराथन दौड़ के दौरान स्टेडियम में अचेत होकर जमीन पर गिरी बालिकाओं की कवरेज के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला एसीईओ हरीश मीणा की दादागिरी सामने आई।जिला एसीईओ मीणा ने कार्यक्रम की कवरेज के दौरान एक पत्रकार के साथ धक्का मुक्की करते हुए हाथ से मोबाइल छीनलिया और अभद्रता की।जब उस पत्रकार ने उस अधिकारी से कहा कि में मीडिया से हु तो उसने बोला मीडिया से हो तो में क्या करू। यही नहीं मौके पर स्वीप दल के सदस्यों ने भी उक्त अधिकारी को बोला कि यह अंता मीडिया से हे तो उस अधिकारी ने भी स्वीप सदस्यो की एक नहीं सुनी और पास में वीडियो बना रहे एक दो जनों के मोबाइल ओर छीन लिए। घटना के बाद कार्यक्रम से गायब हुआ अधिकारी :- पत्रकार के साथ अभद्रता करने के बाद प्रेस क्लब अंता के सभी पत्रकार कार्यवाही हेतु तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे तो उस वक्त जिला एसीईओ हरीश मीणा स्टेज से उतरकर टेंट के पीछे से निकलकर रवाना हो गया।इस मामले को लेकर प्रेस क्लब अंता के पत्रकारों ने अंता थाने पहुंचकर एसीईओ के खिलाफ मामला दर्ज कराया।वही दूसरी ओर जिला प्रेस क्लब बारां,प्रेस क्लब अंता ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए उक्त अधिकारी पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। जागरूक दौड़ से मीडिया को दूर रखा:- जिला प्रशासन द्वारा अंता में रन फॉर वोट का आयोजन किया गया लेकिन आयोजकों की लापरवाही देखने को मिली। इस कार्यक्रम में मीडिया का दूर रखा गया।जबकि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो को जागरूक करना और शत प्रतिशत मतदान में वृद्धि करना था।